अंबेडकर विश्वविद्यालय 4 अगस्त से सत्र शुरू करेगा

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददता

अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 शुरू करने की तैयारी तेज कर दी है। एयूडी 4 अगस्त से नया शैक्षणिक सत्र शुरू करेगा, जिसमें ऑनलाइन कक्षाएं लगेंगी।

दिल्ली के सभी विश्वविद्यालयों में से एयूडी ने सबसे पहले शैक्षणिक सत्र शुरू करने की घोषणा की है। एयूडी स्नातक द्वितीय और तृतीय वर्ष, स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष, पीएचडी, एमफिल का मानसून सेमेस्टर 4 अगस्त से शुरू करेगा। इन सभी छात्रों के लिए कक्षाएं ऑनलाइन संचालित होंगी। एयूडी ने स्पष्ट किया है कि हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय कोरोना संक्रमण की तत्कालीन स्थिति, यूजीसी, गृहमंत्रालय और दिल्ली सरकार के दिशा निर्देशों के आधार पर ही लिया जाएगा।

सप्ताहभर चलेगा ओरिएंटेशन : एयूडी 4 अगस्त से नया सत्र शुरू करने जा रहा है। प्रशासन के मुताबिक, ऑनलाइन कक्षाएं शुरू होने से करीब एक हफ्ते पहले से ही ट्रायल के रूप में ओरिएंटेशन आयोजित किया जाएगा।

ऑनलाइन कक्षाओं के लिए सात सदस्यीय समिति गठित : एयूडी प्रशासन ने 4 अगस्त से शुरू हो रही ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन के लिए सात सदस्यीय समिति गठित की है। समिति का अध्यक्ष प्रोफेसर अस्मिता काबरा को बनाया गया है। समिति की निगरानी कुलपति करेंगी। समिति सॉफ्टवेयर, आईटी टूल्स के साथ ही प्रशासनिक कार्यों के ऑनलाइन संचालन के विषय में भी अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। समिति यह तलाशेगी कि किस तरह के सॉफ्टवेयर से ऑनलाइन कक्षाओं को व्यवहारिक और सरल बनाया जा सकता है।

स्नातक दाखिले के लिए आवेदन

एयूडी ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। गुरुवार शाम 5 बजे से शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थी 18 अगस्त तक एयूडी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एयूडी ने इस बार दाखिला प्रक्रिया में कई अहम बदलाव किए हैं। इस बार आवेदन से लेकर दाखिला तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। एयूडी में कटऑफ भी ऑनलाइन जारी होगी, जिसके आधार पर ऑनलाइन फीस जमा कर प्रोविजनल दाखिला भी ऑनलाइन दिया जाएगा, जिसे बाद में स्थाई दाखिला में बदला जा सकेगा।

764 सीट के लिए मौका

एयूडी ने बीए और बी वोक की कुल 764 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। एयूडी से मिली जानकारी के अनुसार, कश्मीरी गेट में बीए ऑनर्स के सात पाठ्यक्रमों की 308 सीटों और कर्मपुरा परिसर में बीए प्रोग्राम की चार और बी वोक के चार पाठ्यक्रमों की 456 सीटों के लिए आवेदन मांगे हैं।

AUD admission forms go live

New Delhi: Admission forms for Ambedkar University Delhi's undergraduate programmes went live Thursday on its website. The last day of registration is August 18. AUD is going online for its admission process for the first time this year.

AUD में UG के रजिस्ट्रेशन शुरू

विस, नई दिल्ली : डॉ बीआर आंबेडकर यूनिवर्सिटी (एयूडी) में अंडरग्रैजुएट कोर्सेज के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। स्टूडेंट्स 18 अगस्त तक अप्लाई कर सकते हैं। इस साल एडमिशन प्रोसेस पूरी तरह से ऑनलाइन होगी और इंफर्मेशन बुलेटिन वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। कश्मीरी गेट कैंपस में चलने वाले 7 यूजी कोर्स और करमपुरा कैंपस से चलने वाले चार बीए और चार बैचलर्स- वोकेशनल कोर्स के लिए अप्लाई किया जा सकता है। इन दोनों कैंपस के 15 कोर्स के लिए 764 सीटों पर एडमिशन होगा। गुरुवार को एडमिशन विंडो खोली गई।

AUD begins online registrations for UG courses

It will continue till August 18; dates for PG courses to be announced later

STAFF REPORTER
NEW DELHI

Ambedkar University began its online registrations for undergraduate programmes on Thursday, according to a statement issued by the varsity. It will continue till August 18.

"All eligible applicants are informed that the registration process for undergraduate programmes will be completely online for all categories," read the statement.

The university offers seven BA (Hons.) programmes at the Kashmere Gate campus, four BA and four BVoc programmes at the Karampura campus, having a total of 764 seats.

Earlier, the varsity had announced the introduction of five new programmes, including vocational courses and MPhil in Disability Studies for the upcoming session.

Merit basis

"Admissions to undergraduate courses will be on the basis of merit and students will be given a provisional admission till the documents are verified physically once students return to campus," Vice-Chancellor Anu Singh Lather said.

The admission brochure read, "In view of the challenges brought about by COVID-19, any change in procedures for personal appearance of applicants for entrance examinations or trials for CCA and sports as well as verification of certificates shall be notified in due course on the website."

Dates for admissions to postgraduate courses will be announced later, the university said.